# षोडश

# बिहार विधान-सभा

## पंचम सत्र

## तारांकित प्रश्न

### वर्ग-5

शुक्रवार, तिथि 03 चैत्र, 1939 (श0) / 24 मार्च, 2017 (ई0)

**प्रश्नों की कुल संख्या 115**

| | | | |
|---|---|---|---|
| (1) स्वास्थ्य विभाग | .. | .. | 55 |
| (2) ऊर्जा विभाग | .. | .. | 30 |
| (3) आपदा प्रबंधन विभाग | .. | .. | 11 |
| (4) पर्यटन विभाग | .. | .. | 11 |
| (5) योजना एवं विकास विभाग | .. | .. | 05 |
| (6) विधि विभाग | .. | .. | 03 |
| | | कुल योग — | 115 |

फसल की क्षतिपूर्ति

'क'-*1302. श्री नौशाद आलम--क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गत वर्ष के भीषण बाढ़ से किशनगंज जिला के ठाकुरगंज एवं दिघल बैंक प्रखंडों के सैकड़ों कृषकों का फसल क्षतिग्रस्त हो गया है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त प्रखंडों के कृषकों को क्षतिग्रस्त फसल की क्षतिपूर्ति कबतक करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

स्थानान्तरित करना

*2435. श्री नीरज कुमार--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि क्षेत्रीय कार्यालयों में पदस्थापित पदाधिकारियों का तीन (3) साल पर स्थानान्तरण करने का प्रावधान है ;

(2) क्या यह बात सही है कि बक्सर जिलान्तर्गत डुमराँव अनुमंडल स्थित विद्युत् कार्यालय में कार्यरत कनीय अभियंता विगत तीन वर्ष से अधिक समय से पदस्थापित हैं ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक उक्त स्थान पर पदस्थापित कनीय अभियंता को अन्यत्र स्थानान्तरित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सहायता भत्ता दिलाना

*2436. श्री सचीन्द्र प्रसाद सिंह--क्या मंत्री, योजना एवं विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि ''मुख्यमंत्री निश्चय स्वयं सहायता भत्ता योजना'' में राज्य में 20-25 आयु वर्ग के युवक/युवतियों को जो 12 कक्षा उत्तीर्ण हैं उन्हें रोजगार की खोज के लिये 2 वर्षों तक प्रतिमाह एक हजार रुपया स्वयं सहायता भत्ता देने का प्रावधान वित्तीय वर्ष 2016-17 में किया गया है परन्तु उक्त योजना को अबतक लागू नहीं किया गया है, यदि हाँ, तो इसका क्या औचित्य है ?

--------

ट्रॉंसफॉर्मर लगाना

*2437. श्री राजकिशोर सिंह--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि वैशाली जिलान्तर्गत वैशाली प्रखंड के भागवतपुर वार्ड नं0 14, मुखलाल राय के घर के निकट लगा 16 के0भी0ए0 का ट्रॉंसफॉर्मर की चोरी हो गयी है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त स्थान पर नया ट्रॉंसफॉर्मर लगाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

नोट--'क'-सदन द्वारा दिनांक 18 मार्च, 2017 को आपदा प्रबंधन विभाग में स्थानान्तरित ।

योजनाओं का कार्यान्वयन

*2438. श्री अशोक कुमार चौधरी--क्या मंत्री, योजना एवं विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिला के काँटी प्रखंड के कोल्हुआ पैगम्बरपुर पंचायत अन्तर्गत वृन्दावन कॉलोनी में ट्रॉसफॉर्मर के पास पी0सी0सी0 सड़क से शम्भू प्रसाद सिंह के घर तक एवं एकता नगर ब्री0 के0 सिंह के घर से आर0डब्लू0डी0 की सड़क तक जानेवाली सड़क में पी0सी0सी0 कार्य कराने की अनुशंसा वित्तीय वर्ष 2015-16 में प्रश्नकर्ता सदस्य द्वारा किया गया था परंतु राशि उपलब्ध रहने के बावजूद उक्त कार्य को कार्यान्वित नहीं कराया गया है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त अनुशंसित योजनाओं को कार्यान्वयन कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

ट्रॉमा सेन्टर खोलना

*2439. श्री मिथिलेश तिवारी--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिले के एन0एच0 28 डुमरिया घाट से गोपालगंज शहर के बीच लगभग 40 किलो मीटर तक चलने वाले तेज वाहनों से आये दिन सड़क दुर्घटना होती रहती है परन्तु दुर्घटनाग्रस्त लोगों के त्वरित चिकित्सा हेतु इस लम्बे सड़क खंड में कहीं भी कोई सुपर स्पेशलिस्टी अस्पताल या ट्रॉमा सेन्टर नहीं होने के कारण लोगों की मौत हो जाती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार एन0एच0 28 के पास सुपर स्पेशलिस्टी अस्पताल या ट्रॉमा सेन्टर खोलने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

विद्युतीकरण कराना

*2440. श्री (मो0) नेमतुल्लाह--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मुख्यमंत्री के सात निश्चय में ऊर्जा के क्षेत्र में हर गाँव, टोला मोहल्ले में बिजली के खंभे तथा तार स्थापित कर बिजली देने की व्यवस्था है ;

(2) क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिलान्तर्गत बरौली प्रखंड के ग्राम-बलहा, कटहरी बाड़ी, सरफरा तथा मांझा प्रखंड के ग्राम-शेखपरसा, पथरा में आधा अधूरा विद्युतीकरण किया गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त वर्णित ग्रामों में पूर्णरूप से विद्युतीकरण करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

ब्लड बैंक की स्थापना

*2441. श्री नितिन नवीन--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि नेशनल ब्लड पॉलिसी 2002 के तहत हर पाँच लाख की आबादी पर खून की पर्याप्त आपूर्ति और उसे मरीजों को तुरंत चढ़ाने की व्यवस्था की जानी है ;

(2) क्या यह बात सही है कि समय पर खून की आपूर्ति नहीं होने से प्रदेश में 6,500 माताओं को अपनी जान गवां देनी पड़ती है जिसमें से दो-तिहाई प्रसव के बाद अचानक होने वाले हैमरेज (खून के अचानक बहाव) के कारण मौत हो जाती है ;

(3) क्या यह बात सही है कि बिहार में कुल 75 ब्लड बैंक है जिसमें सरकारी 39 एवं निजी 36 है ;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार नेशनल ब्लड पॉलिसी, 2002 के तहत हर पाँच लाख की आबादी पर खून की पर्याप्त आपूर्ति हेतु ब्लड बैंक की स्थापना करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

विद्युतीकरण करना

*2442. श्री नन्द कुमार राय--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिला अन्तर्गत मोतीपुर प्रखंड के पट्टीअसवारी पंचायत के ग्राम-पट्टीअसवारी यादव टोला एवं उजरी ठीकहाँ टोला, ग्राम-जगरनाथपुर धोबी टोला, ग्राम-बोअरिया महादलित टोला, ग्राम-मंसुरपुर के महादलित टोला एवं ग्राम-गोपीनाथपुर के नुनिया टोला में अभीतक विद्युतीकरण कार्य नहीं किया गया है, जिससे उक्त टोला के लोग आजादी के इतने वर्ष बाद भी अंधकार में रहने को विवश है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त ग्राम एवं टोला में विद्युतीकरण करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं तो क्यों ?

---

नेत्र दान को बढ़ावा देना

*2443. श्री अरूण कुमार सिन्हा--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि 2015-16 में पूरे देश में 60,000 नेत्र दान किये गये थे, जिसमें से बिहार में मात्र 134 नेत्र दान किया जा सका है ;

(2) क्या यह बात सही है कि राज्य में आई0 जी0 आई0 एम0 एस0 पटना में ही मात्र नेत्र दान करने की सुविधा है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार राज्य में नेत्र दान को बढ़ावा देने हेतु कौन-सी कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

उपस्थिति सुनिश्चित कराना

*2444. श्री सुनील कुमार--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत डुमरा प्रखण्ड स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का भवन विगत 5 वर्षों से जर्जर रहने के कारण मरीज स्वास्थ्य लाभ से वंचित हो रहे हैं तथा चिकित्सक भी अनुपस्थित रहते हैं, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के भवन का जीर्णोद्धार कराने के साथ चिकित्सक की उपस्थिति सुनिश्चित कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

विद्युतीकरण करना

*2445. श्री मदन मोहन तिवारी--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि प0 चम्पारण जिलान्तर्गत मंझौलिया प्रखण्ड के परसा डुमरिया, बखरिया, हरिहवा टोला, भरवलिया, करमवा गाँव में अभीतक विद्युतीकरण नहीं कराया गया है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त गाँवों में विद्युतीकरण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

योजनाओं का क्रियान्वयन

*2446. श्री (डॉ0) अशोक कुमार--क्या मंत्री, योजना एवं विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुख्यमंत्री विकास योजना के अन्तर्गत रोहतास जिला के सासाराम प्रखण्ड एवं तिलौथू प्रखण्ड में वित्तीय वर्ष 2015-16 एवं 2016-17 में मेरे द्वारा अनुशंसित योजना का आजतक क्रियान्वयन नहीं किया गया है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त प्रखंडों में मेरे द्वारा अनुशंसित योजनाओं का क्रियान्वयन कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

पुनर्वासित करना

*2447. श्रीमती मंगीता देवी--क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत रून्नीसैदपुर प्रखंड के भरथी ग्राम-बागमती नदी के दोनों तटबंधों के बीच बसा हुआ है ;

(2) क्या यह बात सही है कि बागमती नदी के कटाव से भरथी ग्राम में 200 परिवारों का घर नदी में विलीन हो गया है ;

(3) क्या यह बात सही है कि भरथी ग्राम के पुनर्वास के लिये मझौली ग्राम में 12.95 एकड़ जमीन उपलब्ध होने के बावजूद उक्त ग्राम को अभीतक पुनर्वासित नहीं किया गया है ;

(4) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार भरथी ग्राम को मझौली ग्राम में उपलब्ध जमीन पर पुनर्वासित करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

स्वास्थ्य केन्द्र चालू करना

*2448. श्री निरज कुमार सिंह--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सुपौल जिले के छातापुर प्रखंड के ठुठी पंचायत के चैनपुर मौजा के वार्ड नं0 2 में स्थित स्वास्थ्य केन्द्र जो पाँच वर्ष पहले बनकर तैयार हुआ था, अभीतक बंद पड़ा है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त स्वास्थ्य केन्द्र को चालू कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

विद्युतीकरण करना

*2449. श्री दिनकर राम--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत मेजरगंज प्रखण्ड के खैरवा पंचायत के बराही हरिराम से पूरब चतरा टोला मुशहरी और कुरहा टोला का विद्युतीकरण नहीं हुआ है, जिसके कारण लोग अंधेरे में जीने को विवश हैं, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त टोलों का विद्युतीकरण करने का विचार रखती है ?

चहारदीवारी का निर्माण

*2450. श्री अचमित ऋषिदेव--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अररिया जिलान्तर्गत भरगामा प्रखण्ड के अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, वीरनगर का चहारदीवारी का निर्माण नहीं होने के कारण आवारा पशु एवं असामाजिक तत्व परिसर में घुमते रहते हैं, यदि हाँ, तो सरकार उक्त स्वास्थ्य केन्द्र के चहारदीवारी का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------

भवन बनाना

*2451. श्री रामप्रीत पासवान--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिला के अन्धराठाड़ी प्रखण्ड के ग्राम-सहुरिया में प्राथमिक स्वास्थ्य उप-केन्द्र का अपना भवन नहीं होने के कारण मरीजों को कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त स्वास्थ्य केन्द्र का भवन बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------

राहत राशि का भुगतान

*2452. श्रीमती सुनीता सिंह चौहान--क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि दिनांक 11 सितम्बर, 2015 को सुनील कुमार, पिता-रामजी पासवान, ग्राम-भुलाई, थाना-शिवहर, जिला-शिवहर की मृत्यु पोखर में डुबने से हुई है परन्तु पीड़ित परिवार को अभीतक मुआवजा की राशि नहीं दी गयी है जबकि आपदा प्रबंधन विभाग, शिवहर के पत्रांक 111, दिनांक 30 जून, 2016 द्वारा पीड़ित परिवार को अनुदान की राशि 4 लाख रु० का भुगतान करने हेतु विभाग को पत्र भेजा गया है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त प्रभावित परिवार को राहत की राशि अभीतक भुगतान नहीं करने का क्या औचित्य है ?

------

छात्रावास का निर्माण

*2453. श्री विजय कुमार खेमका--क्या मंत्री, योजना एवं विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिला के नगर निगम अंतर्गत आई०टी०आई० कॉलेज के छात्रों का छात्रावास तथा पूर्णियाँ कॉलेज, पूर्णियाँ में छात्रों का छात्रावास का निर्माण कार्य करते हुये स्थानीय क्षेत्र अभियंत्रण, विभाग-कार्य प्रमंडल 2 के द्वारा वित्तीय वर्ष 2011-12 में एकरारनामा किया गया था परंतु अबतक निर्माण कार्य पूरा नहीं किया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त छात्रावासों का निर्माण कार्य प्राक्कलन के अनुरूप नहीं कराया गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार इसकी जाँच कराकर दोषी पर कार्रवाई करते हुये उक्त छात्रावास का निर्माण कार्य पूर्ण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

मरम्मती कराना

*2454. श्री सत्यदेव राम--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सीवान जिलान्तर्गत प्रखण्ड गुठनी के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के प्रांगण में वर्ष 2015 में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भवन का निर्माण भवन निर्माण विभाग द्वारा कराया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि वर्ष 2016 में भवन निर्माण विभाग द्वारा निर्मित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का भवन स्वास्थ्य विभाग को हैन्ड ओभर करते समय से ही लेबर रूम के छत से पानी सीपेज कर रहा है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार इसकी जाँच कराकर दोषी पर कार्रवाई करते हुये पुन: सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के भवन का मरम्मती कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------

नियुक्ति करना

*2455. श्रीमती सावित्री देवी--क्या मंत्री, योजना एवं विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि जमुई जिलान्तर्गत योजना एवं विकास विभाग, जमुई के कार्यपालक अभियंता श्री बाला लखीन्द्र दास की सेवानिवृत्ति 31 जनवरी, 2017 को हुयी है, लेकिन उनके सेवानिवृत्ति के फलस्वरूप उनके रिक्त स्थान पर किसी अन्य कार्यपालक अभियंता की प्रतिनियुक्ति नहीं हुयी है जिसके कारण कार्यालय में कार्य लंबित पड़े हुये हैं, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त कार्यालय में लंबित पड़े कार्यों के निष्पादन हेतु तत्काल कार्यपालक अभियंता की नियुक्ति करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------

पदस्थापन करना

*2456. श्री (डॉ०) सी०एन० गुप्ता--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा सदर अस्पताल, छपरा में आधुनिक उपकरणों से सुसज्जित आई०सी०यू० का निर्माण कराया गया है परन्तु उक्त अस्पताल के आई०सी०यू० में मरीजों को बेहोश करने वाले डॉक्टर एवं कर्मचारियों के अभाव में आई०सी०यू० में रोगियों का इलाज उचित ढंग से नहीं हो पा रहा है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त अस्पताल के आई०सी०यू० में उक्त डॉक्टर व कर्मचारियों का पदस्थापन करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------

कार्रवाई करना

*2457. श्री मुद्रिका प्रसाद राय--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सारण जिलान्तर्गत तरैया प्रखण्ड स्थित श्रीमती पानापती देवी, पति-मनेरजर ठाकुर, ग्राम-चकहन की दिनांक 21 अक्टूबर, 2016 को दुर्घटना हुयी थी, जिसकी मृत्यु दिनांक 22 अक्टूबर, 2016 को पटना स्थित पी०एम०सी०एच०, पटना में चिकित्सा के दौरान हो गयी थी तथा जिसका थाना कांड संख्या 262/16 तरैया थाना में दर्ज है ;

(2) क्या यह बात सही है कि 4 महीना बीत जाने के बाद भी पी०एम०सी०एच०, पटना द्वारा उक्त महिला का पोस्टमार्टम रिर्पोट थाना तरैया को अभीतक उपलब्ध नहीं कराया गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त महिला का पोस्टमार्टम रिपोर्ट तरैया थाना को उपलब्ध कराने तथा पोस्टमार्टम रिपोर्ट के देरी के लिये दोषी पर कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

सुविधा देना

*2458. श्री महबूब आलम--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है पटना के कंकड़बाग डिफेंस कॉलोनी के फ्लैट नं० 149,150, (151) एवं 152 में राजकीय औषधालय किराये पर चलता है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त औषधालय में पेयजल, शौचालय, मरीजों को बैठने की पर्याप्त व्यवस्था नहीं रहने के कारण मरीजों को कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त राजकीय औषधालय में शौचालय, पेयजल एवं मरीजों के बैठने की पर्याप्त व्यवस्था करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

तार एवं पोल बदलना

*2459. श्री अब्दुस सुबहान--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिलान्तर्गत बायसी प्रखण्ड के बायसी से चरैया गाँव तक 11000 वोल्ट का विद्युत् पोल एवं तार अत्यंत जर्जर है, जिससे कभी भी दुर्घटना घटने की संभावना बनी रहती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त स्थान के विद्युत् तार एवं पोल कबतक बदलने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

जीर्णोद्धार कराना

*2460. श्री मनोष कुमार--क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बाँका जिलान्तर्गत प्रखण्ड धौरैया के धनकुण्ड में अवस्थित भगवान शिव का धनुकुण्डनाथ मंदिर एवं सरोवर पौराणिक, ऐतिहासिक एवं धार्मिक विशिष्टताओं का गौरवमय धरोहर है, जो जीर्ण-शीर्ण अवस्था में है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त ऐतिहासिक एवं पुरातात्विक महत्व के स्थल का जीर्णोद्धार एवं सौंदर्यीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

पावर सब-स्टेशन का निर्माण

*2461. श्री शमीम अहमद--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला के छौड़ादानो प्रखण्ड में विगत तीन वर्षों से पावर सब-स्टेशन का निर्माण किया जा रहा है परन्तु निर्माण कार्य अभीतक पूरा नहीं किया गया है जबकि निर्माण कार्य दो वर्षों के अंदर ही पूर्ण करना था, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त पावर सब-स्टेशन का निर्माण कार्य पूर्ण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

विद्युत् का उत्पादन

*2462. श्री धीरेन्द्र प्रताप सिंह उर्फ रिंकु सिंह--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि प० चम्पारण जिलान्तर्गत बाल्मीकीनगर विधान-सभा क्षेत्र में 6 आर०डी० स्थान पर एवं कोतराहा में जल विद्युत् परियोजना केन्द्र जिसमें क्रमशः 3 मेगावाट एवं 15 मेगावाट विद्युत् उत्पादन का लक्ष्य निर्धारित था, परन्तु वर्तमान में उक्त दोनों विद्युत् परियोजनाओं से मात्र $2\frac{1}{2}$ मेगावाट विद्युत् का उत्पादन हो रहा है;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त जल विद्युत् परियोजना से लक्ष्य के अनुरूप विद्युत् का उत्पादन कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

----------

अपग्रेड करना

*2463. श्री अत्री मुनी उर्फ शक्ति सिंह यादव--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नालन्दा जिला अन्तर्गत हिलसा अनुमंडलीय अस्पताल मात्र तीस बेड का अस्पताल है, जहाँ चण्डी, नगरनौसा, कराय-परशुराय, थरथरी, परवलपुर, हिलसा, एकंगरसराय, एवं इस्लामपुर प्रखण्ड के मरीज इलाज हेतु आते हैं, परन्तु उक्त अस्पताल में बेडों की संख्या कम रहने के कारण मरीजों को कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त अस्पताल को सौ बेड के अस्पताल में अपग्रेड करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

----------

सम्मिलित करना

*2464. श्री वीरेन्द्र कुमार सिंह--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बिहार राज्य के अस्पतालों में रोगी कल्याण समिति का गठन किया जाता है;

(2) क्या यह बात सही है कि अस्पतालों में रोगी कल्याण समिति के गठन में दस वर्ष पूर्व क्षेत्रिय माननीय सदस्यों को सम्मिलित किया जाता था परन्तु वर्तमान में माननीय सदस्यों को सम्मिलित नहीं किया जाता है, यदि हाँ, तो क्या सरकार अस्पतालों में रोगी कल्याण समिति के गठन में क्षेत्रीय माननीय सदस्यों को सम्मिलित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----------

विद्युतीकरण कराना

*2465. श्री सुधीर कुमार उर्फ बन्टी चौधरी--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि जमुई जिला के सिकन्दरा प्रखण्ड के क्षत्रिय कुण्ड, जो जैन धर्म के संस्थापक महावीर का जन्म स्थान है में एक विश्व प्रसिद्ध मंदिर का निर्माण कराया जा रहा है परन्तु उक्त स्थान पर अभीतक विद्युतीकरण नहीं कराया गया है, यदि हाँ, तो क्या सरकार क्षत्रिय कुण्ड में विद्युतीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

निर्माण कार्य पूर्ण कराना

*2466. श्री समीर कुमार महासेठ--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि वर्ष 1990 में मधुबनी जिला के पण्डौल प्रखण्ड के पण्डौल स्थित रेफरल अस्पताल का निर्माण कार्य शुरू किया गया था परन्तु निर्माण कार्य अभीतक अधूरा है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त अस्पताल का निर्माण कार्य पूर्ण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

दोषी पर कार्रवाई

*2467. श्री नितिन नवीन--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि 5 जुलाई, 2015 को स्वास्थ्य विभाग ने सभी मेडिकल कॉलेजों के अधीक्षक को पत्र भेजकर 50 प्रतिशत जीवन अवधि वाली दवा खरीदने का पत्र भेजा है जबकि नियमित दवाओं की जीवन अवधि कम-से-कम 18 माह निर्धारित है ;

(2) क्या यह बात सही है कि पी०एम०सी०एच० में 2014-15 और 2015-16 तक जो दवायें खरीदी गई हैं उसकी जीवन अवधि डेढ़ महीने से सात महीने तक बची हुई थी जिसकी कुल कीमत 55 लाख 56 हजार रुपये थी जिसपर वर्ष 2016 में ऑडिट टीम के द्वारा आपत्ति दर्ज की गयी है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार दवाइयों की खरीद में हुई अनियमितता की जाँच कराकर दोषी पर कार्रवाई करना चाहती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

भवन का निर्माण

'ख'-*2468. श्री सैयद अबु दौजाना--क्या मंत्री, योजना एवं विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला के पुपरी प्रखंड के पुपरी एवं बौराबा, जितपुर पंचायत के गंगवारा में सामुदायिक भवन का निर्माण नहीं किया गया है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त ग्रामों में सामुदायिक भवन का कबतक निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

पदस्थापना करना

*2469. श्री सैयद अबु दौजाना--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला अन्तर्गत पुपरी, सुरसंड एवं चोरौत प्रखण्ड के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर गर्भवती एवं अन्य महिलायें इलाज कराने आती हैं परन्तु महिला चिकित्सक पदस्थापित नहीं रहने के कारण महिलाओं को कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त स्वास्थ्य केन्द्रों पर महिला चिकित्सक पदस्थापित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

नोट:-'ख'-ग्रामीण विकास विभाग से योजना एवं विकास विभाग में स्थानांतरित ।

दिव्यांगता प्रमाण-पत्र उपलब्ध कराना

*2470. श्री अरूण कुमार सिन्हा--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि वर्ष 2010 तक राज्य के दिव्यांगों को दिव्यांग प्रमाण-पत्र जिला के सिविल सर्जन कार्यालय से जारी किया जाता था एवं वर्ष 2011 से राज्य के सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों द्वारा दिव्यांग प्रमाण-पत्र जारी करने का प्रावधान हो गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि राज्य में दिव्यांगों की कुल संख्या 23.10 लाख है, जिसमें से मात्र 50 प्रतिशत को ही दिव्यांगता प्रमाण-पत्र हासिल हो सका है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो राज्य के सभी दिव्यांगों को दिव्यांगता प्रमाण-पत्र अबतक नहीं उपलब्ध कराये जाने का क्या औचित्य है ?

---------

पर्यटक स्थल के रूप में विकसित करना

*2471. श्री विजय कुमार खेमका--क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिला अन्तर्गत पूर्णियाँ सिटी में सौरा नदी के तट पर भगवान जगरनाथ धाम आवासित है जहाँ प्रतिदिन हजारों श्रद्धालु आते हैं तथा भगवान जगरनाथजी की रथ यात्रा प्रत्येक साल निकलती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त वर्णित धाम को पर्यटक स्थल के रूप में विकसित करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, क्यों नहीं ?

---------

चिकित्सक की पदस्थापना

*2472. श्री शमीम अहमद--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला के बंजरिया प्रखंड अंतर्गत फुलवार ग्राम में स्थित आयुर्वेदिक चिकित्सालय में चिकित्सक पदस्थापित नहीं रहने के कारण मरीजों को आयुर्वेद चिकित्सा का लाभ नहीं मिल पाता है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त ग्राम में स्थित आयुर्वेदिक चिकित्सालय में कबतक चिकित्सक पदस्थापित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

केन्द्र का संचालन

*2473. श्री मिथिलेश तिवारी--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिले के सिधवलिया प्रखण्ड के लोहिजरा पंचायत के हिम्मतपुर गाँव में अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का भवन बनकर तैयार है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त भवन में अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का संचालन कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक ?

भवन का निर्माण

*2474. श्री सुरेन्द्र कुमार--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिलान्तर्गत औराई प्रखण्ड स्थित ग्राम-डीह जीवर प्राथमिक स्वास्थ्य उप-केन्द्र का भवन नहीं रहने के कारण मरीज स्वास्थ्य लाभ से वंचित हो रहे हैं, जबकि स्वास्थ्य केन्द्र के भवन निर्माण हेतु जमीन उपलब्ध है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त उप-स्वास्थ्य केन्द्र का भवन निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

विद्युतीकरण कराना

*2475. श्री नीरज कुमार सिंह--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सुपौल जिलान्तर्गत छातापुर प्रखण्ड के ग्वालपारा पंचायत के वार्ड नं0 1 से 12 एवं 16 और 17 में अभीतक विद्युतीकरण का कार्य अधूरा है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त वार्ड में अधूरे विद्युतीकरण कार्य को पूरा कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

मान्यता खत्म करना

*2476. श्री विनोद कुमार सिंह--दैनिक समाचार-पत्र में दिनांक 7 मई, 2016 को प्रकाशित शीर्षक ''गर्भाशय घोटाले में 17 अस्पतालों की मान्यता होगी खत्म'' के आलोक में क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि राज्य के समस्तीपुर, गोपालगंज, शेखपुरा एवं जमुई एवं अन्य जिलों में गरीब महिलाओं के गर्भाशय निकाले जाने के गंभीर मामले प्रकाश में आये हैं जिसमें डॉक्टरों एवं अस्पताल के मिलीभगत से गरीब महिलाओं के गर्भाशय महज 10-20 हजार रुपये के लालच में निकाल लिये गये हैं, यदि हाँ, तो क्या सरकार पीड़ित महिलाओं को मुआवजा देने के साथ उक्त कार्य में संलिप्त डॉक्टर का निबंधन एवं अस्पतालों की मान्यता खत्म करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

विद्युतीकरण करना

*2477. श्री गिरिधारी यादव--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिलान्तर्गत पारू प्रखण्ड के चक्की सोहागपुर पंचायत का आजतक विद्युतीकरण नहीं हुआ है जिसके कारण इस पूरे पंचायत की दस हजार आबादी अंधेरे में रहने को लिये विवश है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त पंचायत का विद्युतीकरण करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

विद्युतीकरण करना

*2478. श्री विनोद कुमार सिंह--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि दीन दयाल उपाध्याय-ज्योति ग्राम योजना के तहत ऐसे गाँव में बिजली पहुँचाई जानी है, जहाँ तार-पोल से बिजली पहुँचाना मुश्किल है;

(2) क्या यह बात सही है कि बिहार में एक हजार से अधिक ऐसे गाँव हैं जहाँ तार-पोल से बिजली पहुँचाना मुश्किल है तथा ऐसे गाँवों में सोलर, पन बिजली, बायोगैस या अन्य गैर-परम्परागत स्रोतों से बिजली पहुँचाने की आवश्यकता है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार राज्य में ऐसे गाँवों का सर्वेक्षण कराकर उक्त योजना अन्तर्गत विद्युतीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

दवा उपलब्ध कराना

*2479. श्री प्रह्लाद यादव--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि माननीय उच्च न्यायालय, पटना के द्वारा दिये गये आदेश के आलोक में हिमोफीलिया बीमारी के लिये आवश्यक दवाओं की सूची में फैक्टर-8 दवा का नाम सरकार द्वारा शामिल किय गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि पी0एम0सी0एच0, पटना में हिमोफीलिया से ग्रस्त मरीजों के बीच फैक्टर-8 की दवा का वितरण नहीं किया जा रहा है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार पी0एम0सी0एच0, पटना में हिमोफीलिया से ग्रस्त मरीजों को फैक्टर-8 दवा उपलब्ध कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------------

अस्पताल चालू कराना

*2480. श्रीमती सुनीता सिंह चौहान--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि शिवहर जिलान्तर्गत बेलसंड विधान-सभा में स्थित नवनिर्मित सरोजा सीताराम राजकीय सदर अस्पताल, शिवहर का निर्माण हो गया है जिसे अभीतक चालू नहीं किया गया है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त अस्पताल को कबतक चालू कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

पोल एवं तार बदलना

*2481. श्री राजेन्द्र कुमार--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला के हरसिद्धि प्रखण्ड अन्तर्गत ओलाहा मेहन्ता टोला, ओलाहा बाजार पैठान-पट्टी, कन्छेदवा, धीवाढार, कृतपुर इत्यादि जगहों पर विगत दो वर्षों से बिजली का पोल एवं तार काफी जर्जर स्थिति में है, जिससे आमलोगों में अप्रिय घटना घटने का भय व्याप्त है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त स्थानों पर बिजली के जर्जर पोल एवं तार को बदलने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

जीर्णोद्धार कराना

*2482. श्री मनीष कुमार--क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बाँका जिलान्तर्गत प्रखण्ड धोरैया के कुर्माहाट में अवस्थित 150 वर्ष प्राचीन मुगलकालीन शाही ईदगाह एवं कर्बला अत्यन्त ही पौराणिक, ऐतिहासिक एवं धार्मिक विशिष्टताओं का गौरवमय धरोहर है, जो जीर्ण-शीर्ण अवस्था में है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त धार्मिक एवं ऐतिहासिक पुरातात्विक महत्व के स्थल का जीर्णोद्धार एवं सौंदर्यीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-----------

स्थानान्तरण करना

*2483. श्री (मो०) तौसिफ आलम--क्या मंत्री, विधि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिला न्यायालय में श्री सत्यनारायण प्रसाद साहा विगत 7 वर्षों से जिला अभियोजन पदाधिकारी के पद पर पदस्थापित हैं, जबकि अररिया, पूर्णियाँ, कटिहार जिलों में 3 वर्ष के बाद जिला अभियोजन पदाधिकारी का स्थानांतरण कर दिया गया है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त जिला अभियोजन पदाधिकारी का स्थानांतरण कबतक करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-----------

अनुपालन करना

*2484. श्री निरंजन कुमार मेहता--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि असैनिक शल्य चिकित्सक-सह-मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, पटना के ज्ञापांक 6364, दिनांक 17 अक्टूबर, 2015 द्वारा अनुमण्डलीय अस्पताल, दानापुर में उपकरणों की खरीद में अनियमितता के लिये श्रीमती सीमा, स्वास्थ्य प्रबंधक एवं श्री अतुल कुमार सिंह, लेखापाल को दोषी पाते हुये दोनों कर्मियों को अनुमण्डलीय अस्पताल, दानापुर से अन्यत्र स्थानान्तरित करने की अनुशंसा की गयी थी परन्तु उक्त कर्मियों का स्थानांतरण अभीतक नहीं किया गया है, यदि हाँ, तो क्या सरकार अनियमितता के लिये दोषी दोनों कर्मियों पर कार्रवाई करते हुये असैनिक शल्य चिकित्सक-सह-मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, पटना के ज्ञापांक 6364, दिनांक 17 अक्टूबर, 2015 का अनुपालन सुनिश्चित कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-----------

स्वास्थ्य केन्द्र खोलना

*2485. श्री दिनेश चन्द्र यादव--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि दिनांक 21 जून, 2007 में तत्कालीन मंत्री, स्वास्थ्य विभाग की अध्यक्षता में राज्यस्तरीय संचालन समिति की बैठक में सहरसा जिलान्तर्गत महिषि प्रखण्ड के ऐना में अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र खोलने की स्वीकृति के बाद भी उक्त स्थान पर अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र नहीं खोला गया है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त स्थान पर अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र खोलने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

सुविधा बहाल करना

*2486. श्री राजीव नन्दन--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गया जिला के गुरारू प्रखंड के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में वर्ष 2015 से एक्स-रे की सुविधा बन्द है, जिससे रोगियों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त स्वास्थ्य केन्द्र पर पुनः एक्स-रे की सुविधा बहाल करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-----------

पर्यटक स्थल विकसित करना

*2487. श्री राजीव नन्दन--क्या मंत्री, पर्यटन विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि ज्ञान प्राप्ति के बाद बोधगया से जब बुद्ध भगवान चले तो प्रथम रात्रि गुरूआ प्रखण्ड के ग्राम-गुनेरी में रात्रि विश्राम किये थे;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त प्रखण्ड के भूरहा में बुद्धकालीन मूर्ति एवं कलाकृति यत्र-तत्र बिखरे पड़े हैं;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार पर्यटन को बढ़ाने के उद्देश्य से गुनेरी व भूरहा को पर्यटक स्थल के रूप में विकसित करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-----------

कार्य पूर्ण कराना

*2488. श्री अमरनाथ गामी--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिला के हायाघाट प्रखण्ड मुख्यालय के निकट 12 वर्ष पूर्व पावर सब-स्टेशन का निर्माण का कार्य प्रारंभ हुआ था, जिसका निर्माण कार्य आजतक पूरा नहीं हुआ है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त पावर सब-स्टेशन का निर्माण कार्य पूर्ण कराकर चालू कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-----------

पोखर का सौन्दर्यीकरण कराना

*2489. श्री राजकिशोर सिंह--क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि विश्व प्रसिद्ध पर्यटन स्थल वैशाली अन्तर्गत मुख्य आकर्षण का केन्द्र खरौना पोखर (प्राचीन नाम अभिषेक पुष्करणी) का जल गर्मियों में सूख जाता है तथा इसके चारों ओर गंदगी का अम्बार रहता है;

(2) क्या यह बात सही है कि प्राचीन काल में उक्त अभिषेक पुष्करणी के जल से लिच्छवी गणराज्य के गण सदस्यों का अभिषेक हुआ करता था, यह पोखर ऐतिहासिक धरोहर है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त ऐतिहासिक पोखर में वर्ष-भर पर्याप्त जल की व्यवस्था एवं पोखर का सौन्दर्यीकरण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

सुविधा उपलब्ध कराना

*2490. श्री राणा रणधीर--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिलान्तर्गत पकड़ीदयाल अनुमंडलीय अस्पताल में मानक के अनुरूप डॉक्टर, ड्रेसर, कर्मचारी, आवासीय भवन, बेड एवं अन्य सुविधाएँ उपलब्ध नहीं हैं, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त अनुमंडलीय अस्पताल में मानक के अनुसार डॉक्टर, ड्रेसर, कर्मचारी, आवासीय भवन, बेड एवं अन्य सुविधाएँ उपलब्ध कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

विद्युतीकरण करना

*2491. श्री ललन पासवान--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि रोहतास एवं कैमूर जिला के कैमूर पहाड़ी पर अवस्थित अधौरा प्रखंड के 109 गाँव रोहतास, नौहटा प्रखंड के 70 गाँव, चेनारी प्रखंड के औरईया, भुड़कुड़ा, उरदग्गा, सासाराम प्रखंड के गोरीया, भोखड़वा, नकटी, भवनवाँ गाँवों में अभीतक विद्युतीकरण नहीं किया गया है, यदि हाँ, तो क्या सरकार इसकी जाँच कराकर उक्त प्रखंड के गाँवों का विद्युतीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

भवन बनाना

*2492. श्री अत्री मुनी उर्फ शक्ति सिंह यादव--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नालन्दा जिला अन्तर्गत हिलसा प्रखंड के अषाढी पंचायत के बड़हनपुरा ग्राम में उप-स्वास्थ्य केन्द्र निजी मकान में चल रहा है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त उप-स्वास्थ्य केन्द्र का भवन कबतक बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

अनुदान राशि देना

*2493. श्री बशिष्ठ सिंह--क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि रोहतास जिलान्तर्गत प्रखंड करगहर के पंचायत भोखरी में 10 अप्रील, 2015 को बबल सिंह एवं गंगो देवी, ग्राम-रतनपुर और गुप्तेश्वर दुबे, ग्राम-बैसपुरा का वज्रपात (बिजली गिरने) से मृत्यु हो गयी थी परंतु अभीतक मृत व्यक्तियों के आश्रितों को आपदा सहायता राशि नहीं प्रदान की गयी है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उपर्युक्त मृत व्यक्तियों के आश्रितों को अनुदान राशि देने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

औचित्य बतलाना

*2494. श्री (मो0) नेमतुल्लाह--क्या मंत्री, विधि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सी0आर0पी0सी0 की धारा 24 (4) के अन्तर्गत जिलों में लोक अभियोजक/अपर लोक अभियोजक/सरकारी वकील एवं सहायक वकील की नियुक्ति जिला पदाधिकारी एवं जिला एवं सत्र न्यायाधीश के अनुशंसा पर राज्य सरकार द्वारा नियुक्ति तीन वर्षों पर की जाती है परंतु तीन वर्ष पूर्ण होने के पश्चात् भी सभी जिला में पूर्व से कार्यरत अधिवक्ता ही कार्य कर रहे है, यदि हाँ, तो इसका औचित्य क्या है ?

--------

पर्यटक स्थल के रूप में विकसित करना

*2495. श्री चन्द्रसेन प्रसाद--क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नालन्दा जिला के एकंगरसराय प्रखंड अन्तर्गत औंगारी धाम में एक प्राचीन सूर्य मंदिर एवं बड़ा-सा पक्का तालाब है, जहाँ सालोंभर सूर्य में मंदिर में श्रद्धालु आते रहते हैं, यदि हाँ, तो सरकार उक्त स्थल को पर्यटक स्थल के रूप में विकसित कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सुविधा उपलब्ध कराना

*2496. श्री (डॉ0) रामानुज प्रसाद--क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सारण जिला के सोनपुर प्रखंडान्तर्गत कल्याणपुर पंचायत स्थित फकीर जल भरत स्थान मंदिर, बैजलपुर पौराणिक एवं धार्मिक महत्ता के कारण लोगों का आस्था का केन्द्र है परंतु वहाँ नागरिक सुविधाओं का घोर अभाव है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त आस्था केन्द्र में नागरिक सुविधाएँ उपलब्ध कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

विसंगति का औचित्य

*2497. श्री अजीत शर्मा--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बिहार में अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के लिये वर्ष 2010 में 1,544 आयुष चिकित्सकों को संविदा पर नियुक्त किया गया है जिसका मानदेय 24,000 रु0 प्रतिमाह है ;

(2) क्या यह बात सही है कि राज्य में स्वास्थ्य केन्द्रों पर संविदा पर नियुक्त एम0बी0बी0एस0 चिकित्सकों का मानदेय 44,000 रुपया प्रतिमाह है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार संविदा पर नियुक्त आयुष चिकित्सकों एवं राज्य के स्वास्थ्य केन्द्रों पर नियुक्त एम0बी0बी0एस0 चिकित्सकों के मानदेय में विसंगति का क्या औचित्य है ?

धार्मिक न्यास में शामिल करना

*2498. डॉ0 विनोद प्रसाद यादव--क्या मंत्री, विधि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गया जिलान्तर्गत डोभी प्रखण्ड के डोभी में वर्षों पुराना ठाकुरबाड़ी है, जहाँ विवाह का आयोजन किया जाता है, जिससे काफी आय होती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त ठाकुरबाड़ी को धार्मिक न्यास परिषद् में शामिल करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

पर्यटक स्थल के रूप में विकसित करना

*2499. श्री सीताराम यादव--क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत जयनगर प्रखण्ड स्थित शिलानाथ महादेव मंदिर सैकड़ों वर्ष पुराना है, जहाँ पूजा-पाठ करने हेतु हजारों श्रद्धालु आते हैं, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त मंदिर को पर्यटक स्थल के रूप में विकसित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

उपकरण की व्यवस्था

*2500. श्री नन्द किशोर यादव--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि राज्य के विभिन्न हिस्सों से घायल या गंभीर रूप से बीमार मरीजों को इसलिये पी0 एम0 सी0 एच0 रेफर कर दिया जाता है कि वहाँ बेहतर उपचार हो सके, किन्तु न्यूरो सहित अन्य विशेषज्ञ चिकित्सकों एवं न्यूरो सहित अन्य आवश्यक उपकरणों के अभाव के कारण मरीजों का इलाज संभव नहीं हो पाता है तथा प्रतिमाह करीब 100 मरीजों को यहाँ से निजी अस्पतालों में जाना पड़ता है, यदि हाँ, तो क्या सरकार पी0 एम0 सी0 एच0 में न्यूरो सहित अन्य विशेषज्ञ चिकित्सकों एवं न्यूरो सहित अन्य आधुनिक उपकरणों की व्यवस्था करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

बिजली पहुँचाना

*2501. श्री नन्द कुमार राय--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिला अन्तर्गत मोतीपुर प्रखंड के मोरसंडी पंचायत के चुल्हाई विशुनपुर ग्राम में बिजली नहीं है, जिससे उक्त ग्राम के लोग अंधकार में जीने को विवश हैं, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त ग्राम में बिजली पहुँचाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

कार्य पूर्ण करना

*2502. श्रीमती वर्षा रानी--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिला के नवगछिया अनुमंडल के 278 ग्रामों के विद्युतीकरण का कार्य पूरा करने हेतु मेसर्स इनर्गो एजेन्सी को दी गयी है, परंतु तीन वर्ष बीतने के बाद भी अबतक मात्र 155 गाँवों का ही विद्युतीकरण कार्य उक्त एजेन्सी द्वारा पूरा किया गया है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त अनुमंडल में मेसर्स इनर्गो एजेन्सी के बदले किसी अन्य एजेन्सी से विद्युतीकरण का कार्य पुरा कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

मानदेय बढ़ाना

*2503. श्री (डॉ0) मो0 नवाज आलम--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि राज्य स्वास्थ्य समिति की ओर से प्रदेश के सरकारी अस्पतालों और प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में आर0 एन0 टी0 सी0 पी0 (यक्ष्मा) के लिये संविदा के आधार पर बहाल प्रयोगशाला प्रावैधिक (लैब टेक्निशियन) को अप्रैल, 2015 से बढ़ा हुआ मानदेय दिया जा रहा है लेकिन शेखपुरा जिला में कार्यरत प्रयोगशाला प्रावैधिक को बढ़े हुये मानदेय के लाभ से अबतक वंचित रखा गया है, यदि हाँ, तो सरकार शेखपुरा जिले में कार्यरत लैब टेक्निशियन को बढ़ा हुआ मानदेय का लाभ देने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

विद्युतीकरण करना

*2504. श्रीमती बेबी कुमारी--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत अंधराठाढ़ी प्रखण्ड के ठाढी ग्राम में शीला देवी के घर के देवकांत चौधरी के घर तक पोल के अभाव में बांस के सहारे विद्युत् तार ले जाया गया है जिसके कारण कभी भी दुर्घटना घट सकती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त स्थान पर विद्युत् पोल लगाकर विद्युतीकरण करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

सेंटर की स्थापना करना

*2505. श्रीमती अरूणा देवी--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नवादा जिला अन्तर्गत नवादा बाजार स्थित सदर अस्पताल में डायलिसिस की व्यवस्था नहीं रहने के कारण मरीजों को डायलिसिस के लिये 125 कि0 मी0 दूर पटना जाना पड़ता है, जिससे मरीजों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त अस्पताल में डायलिसिस सेंटर की स्थापना करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

मुआवजा राशि देना

*2506. श्रीमती (डॉ०) रंजु गीता--क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत प्रखंड बोखड़ा के ग्राम-कुरहर, वार्ड नं० 13, मिडिल स्कूल के समीप 13 जनवरी, 2017 को घर में आग लगने से रघु पंडित, छेदी पंडित, बृजमोहन पंडित, कपलेश्वर पंडित, रामसंयोग पंडित, बैजू पंडित, गौड़ी पंडित, चुल्हाई पंडित का घर जलकर राख हो गया है तथा उन्हें किसी प्रकार का मुआवजा राशि नहीं दिये जाने का क्या औचित्य है ?

-------

बिजली पहुँचाना

*2507. श्री (डॉ०) शकील अहमद खाँ--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिलान्तर्गत डण्डखोरा प्रखण्ड के डण्डखोरा ग्राम पंचायत के मोची टोला एवं बढ़ई टोला में आजादी के बाद आजतक बिजली नहीं पहुँची है, जिससे उक्त टोलावासी अंधेरा में जीने को विवश है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त टोला में बिजली पहुँचाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------

विद्युतीकरण करना

*2508. श्री अचमित ऋषिदेव--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अररिया जिलान्तर्गत भरगामा प्रखण्ड के खुटहा बैजनाथपुर पंचायत के ग्राम-खुटहा वार्ड नं० 1, 11, 13, 15 एवं हरिपुर कला पंचायत के वार्ड नं० 3, 7 का विद्युतीकरण नहीं किया गया है जिससे ग्रामीणों में निराशा व्याप्त है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त वार्डों का विद्युतीकरण कार्य करवाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------

आरती का आयोजन करना

*2509. श्री सचीन्द्र प्रसाद सिंह--क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गंगा नदी के बक्सर में राम रेखा घाट, हाजीपुर में कोन्हारा घाट, भागलपुर में सुलतानगंज तथा सोनपुर में हरिहरनाथ मंदिर के समीप गंगा आरती का आयोजन किया जाना था, परंतु गंगा आरती का आयोजन अभीतक शुरू नहीं किया गया है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त घाटों पर गंगा आरती का आयोजन शुरू कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

ए०एन०एम० की प्रतिनियुक्ति

*2510. श्री (डॉ०) शकील अहमद खाँ--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिलान्तर्गत कदवा प्रखण्ड में स्थित अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र चौकी एवं अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र भेलागंज में क्रमशः दो-दो ए०एन०एम० का पद सृजित है, परंतु उक्त स्वास्थ्य केन्द्रों पर ए०एन०एम० की प्रतिनियुक्ति नहीं रहने के कारण महिला मरीजों को कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त स्वास्थ्य केन्द्रों पर स्वीकृत पद के अनुरूप ए०एन०एम० की प्रतिनियुक्ति करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------

स्वास्थ्य केन्द्र की स्थापना

*2511. श्री संजय कुमार सिंह--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि रोहतास जिला के काराकाट विधान-सभा क्षेत्र अन्तर्गत बिक्रमगंज नगर पंचायत में उप-स्वास्थ्य केन्द्र नहीं रहने से आम जनता को स्वास्थ्य लाभ नहीं मिल पाता है, यदि हाँ, तो सरकार बिक्रमगंज नगर पंचायत के वार्ड नं० 4 में उप-स्वास्थ्य केन्द्र की स्थापना करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------

कार्रवाई करना

*2512. श्री मनोहर प्रसाद सिंह--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला के अमदाबाद प्रखण्ड अन्तर्गत 1968 में निर्मल चन्द्र राय द्वारा अनुदानित 1 एकड़ भूमि पर 1969 में निर्मित तीन भवनों का किसनपुर अतिरिक्त स्वास्थ्य केन्द्र का भवन ध्वस्त हो गया है और उसकी भूमि को उसी गाँव के लड्डू मंडल, राजा चरण मण्डल, विजय यादव इत्यादि लोग अतिक्रमित कर रहे है, यदि हाँ, तो सरकार उचित कार्रवाई का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------

सुविधा उपलब्ध कराना

*2513. श्रीमती प्रेमा चौधरी--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि वैशाली जिलान्तर्गत जन्दाहा प्रखण्ड के बिझरौली में अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र की स्वीकृति वित्तीय वर्ष 2002-03 में प्रदान की गयी थी ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त प्रखण्ड में स्वीकृत अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का भवन निर्माण एवं डॉक्टरों की प्रतिनियुक्ति नहीं करने के कारण मरीजों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त प्रखण्ड में स्वीकृत अतिरिक्त स्वास्थ्य केन्द्र का भवन निर्माण एवं डॉक्टर की प्रतिनियुक्ति कर मरीजों को चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

मशीन लगाना

*2514. श्री (मो०) आफाक आलम--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिलान्तर्गत कसबा प्रखण्ड में स्थित सामुदायिक प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में अल्ट्रासाउण्ड जाँच की व्यवस्था नहीं होने के कारण गरीब रोगियों को निजी जाँच घर में जाकर जाँच करना पड़ता है, जिससे उन्हें आर्थिक क्षति होती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त स्वास्थ्य केन्द्र में अल्ट्रासाउण्ड मशीन कबतक लगाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

शिविर का निर्माण

*2515. श्री राम विलाश पासवान--क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिलान्तर्गत पीरपैंती प्रखण्ड के ग्राम-रानीदियारा, टपुआ, खवासपुर, अठनियाँ, वाखरपुर, बावूपुर एवं कहलगाँव प्रखण्ड के तौफील अनठावन एवं वीरवन्ना आदि गाँव प्रत्येक वर्ष गंगा नदी के बाढ़ से प्रभावित होता है ;

(2) क्या यह बात सही है कि सरकार के द्वारा पशुओं के लिये चारा दिया जाता है, जबकि पशुओं के रख-रखाव के लिये पक्का शिविर का निर्माण नहीं होने के कारण बाढ़ के समय में पशु नदी में बह जाते हैं ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में पशुओं के रख-रखाव के लिये स्थाई शिविर निर्माण कराने का विचार रखती हैं, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

भत्ता का भुगतान

*2516. श्री तारकिशोर प्रसाद--क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2015-16 एवं 2016-17 में नागरिक सुरक्षा के स्वयंसेवकों द्वारा विभिन्न त्योहारों में किये गये कर्तव्य निर्वहन का देय भत्ता भुगतान हेतु विभाग द्वारा राशि जिला प्रशासन; कटिहार को आवंटित कर दी गयी है ;

(2) क्या यह बात सही है कि आवंटन राशि प्राप्त होने के बावजूद जिला प्रशासन, कटिहार द्वारा नागरिक सुरक्षा के स्वयंसेवकों को देय भत्ता का भुगतान आजतक नहीं किया गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त जिला के नागरिक सुरक्षा के स्वयंसेवकों को देय भत्ता का भुगतान करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

उप-स्वास्थ्य केन्द्र खोलना

*2517. श्रीमती समता देवी--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गया जिलान्तर्गत मोहनपुर प्रखंड के अमकौला जो नक्सल प्रभावित क्षेत्र है, में उप-स्वास्थ्य केन्द्र नहीं रहने के कारण मरीजों को 15 कि०मी० दूर स्थित मोहनपुर के स्वास्थ्य केन्द्र में जाना पड़ता है, यदि हाँ, तो क्या सरकार अमकौला में उप-स्वास्थ्य केन्द्र कबतक खोलने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

आपदा की श्रेणी में लाना

*2518. श्री उपेन्द्र पासवान--क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि साँप काटने से राज्य में प्रतिवर्ष सैकड़ों लोगों की मृत्यु हो होती है ;

(2) क्या यह बात सही है कि साँप काटने से हुये मृत्यु पर अभीतक मुआवजा देने का प्रावधान नहीं है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार साँप काटने से होने वाली मृत्यु पर मृतक को ''आपदा की श्रेणी'' में लाना चाहती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

विद्युतीकरण करना

*2519. श्री ललन पासवान--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि रोहतास जिलान्तर्गत चेनारी विधान-सभा के उगहनी पंचायत के उगहनी मुसहरी टोला, बड्डी पंचायत के छोटकी चेनारी एवं पासवान टोला, मोहम्मदपुर पंचायत के मोहम्मपुर मुसहरी टोला तथा आलमपुर पंचायत के मगरदह मुसहरी टोला में अभीतक विद्युतीकरण नहीं किया गया है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त पंचायत के टोलों में विद्युतीकरण करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

तार बदलना

*2520. श्री मुद्रिका प्रसाद राय--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सारण जिलान्तर्गत पानापुर प्रखंड के ग्राम-धनौती, रसौली, पानापुर, बकवाँ, धेनुकी एवं सतजोरा में 11,000 वोल्ट का विद्युत् तार पूरी तरह जर्जर रहने से आये दिन बिजली आपूर्ति बाधित रहती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त ग्रामों के 11,000 हजार विद्युत् तार को बदलने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

विद्युतीकरण कराना

*2521. श्री मनोहर प्रसाद सिंह--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला के आजमनगर प्रखण्ड के अनुसूचित जनजाति बाहुल्य गाँव टेंगोर में अबतक विद्युतीकरण योजना का कार्य प्रारम्भ नहीं किया गया है, यदि हाँ, तो त्या सरकार उक्त गाँव में विद्युतीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

औचित्य बतलाना

*2522. श्री संजय सरावगी--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बिहार में एम्बुलेंस की 102 नम्बर सेवा के तहत कुल 795 एम्बुलेंस पर फरवरी, 2014 से सितम्बर, 2016 तक राज्य स्वास्थ्य समिति के अधीन रोगी कल्याण समिति द्वारा प्रति एम्बुलेंस 48 हजार रुपये प्रतिमाह परिचालन व्यय हो रहा था ;

(2) क्या यह बात सही है कि खण्ड (1) में वर्णित व्यवस्था को समाप्त कर दिसम्बर, 2016 से डॉ० जैन वीडियो ओनव्हील लिमिटेड कम्पनी को 114469.35 रुपये प्रतिमाह की दर से 102 सेवा की एम्बुलेंस चलाने हेतु आदेश दिया गया है जिससे सरकार को प्रति एम्बुलेंस लगभग 66,000 (छियासठ हजार) रु० की राजस्व की हानि हो रही है, यदि हाँ, तो इसका क्या औचित्य है ?

पावर प्लांट से जोड़ना

*2523. श्री (मो०) तौसीफ आलम--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिलान्तर्गत टेढ़ागाच्छ प्रखण्ड के गाँवों में अररिया जिला के जोकी पावर प्लांट में बिजली दी जाती है जबकि जोकी पावर प्लांट से टेढ़ागाच्छ की दूरी अधिक होने के कारण टेढ़ागाच्छ प्रखंड के गाँवों में बिजली प्रायः बाधित रहती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार टेढ़ागाच्छ प्रखण्ड के किशनगंज स्थित या बहादुरगंज स्थित पावर प्लांट से जोड़ने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-----------

पदस्थापना करना

*2524. श्री (मो०) आफाक आलम--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिलान्तर्गत कसबा प्रखण्ड के सामुदायिक प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पर महिला चिकित्सक का विगत 3 वर्षों से पद रिक्त है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त स्वास्थ्य केन्द्र पर महिला चिकित्सक का पदस्थापन कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-----------

मानदेय राशि का भुगतान करना

*2525. श्री सिद्धार्थ--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि विक्रम विधान-सभा क्षेत्रान्तर्गत नौबतपुर प्रखण्ड में वर्ष 2013 में आशा कार्यकर्ताओं द्वारा परिवार नियोजन, प्रसव, जननी सुरक्षा आदि किये गये कार्यों के लिये मानदेय राशि का भुगतान अभीतक नहीं किया गया है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त प्रखण्ड के आशा कार्यकर्ताओं को मानदेय राशि का भुगतान करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-----------

दवा की आपूर्ति

*2526. श्री सरफराज आलम--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अररिया जिला अन्तर्गत जोकी हाट रेफरल हॉस्पिटल में जेनरिक दवा की आपूर्ति नहीं होने के कारण गरीब मरीजों को महंगे दामों पर दवाई खरीदनी पड़ती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त रेफरल हॉस्पिटल में जेनरिक दवा की आपूर्ति कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-----------

अनुदान राशि देना

*2527. श्री यदुवंश कुमार यादव--क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सुपौल जिला के पूर्वी एवं पश्चिमी कोसी तटबंध के अन्दर विभिन्न पंचायतों के वासीत ग्रामीणों का वर्ष 2016 में कोसी नदी के बाढ़ एवं कटाव से खरीफ फसल एवं घर के अन्दर का सारा सामान क्षतिग्रस्त हो गया था, परंतु पीड़ित परिवारों को अभीतक अनुदान की राशि नहीं दिया गया है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त बाढ़ प्रभावित परिवारों को बाढ़ अनुदान की राशि देने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

कार्रवाई करना

*2528. श्री राजू तिवारी--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि प० चम्पारण जिला के अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, परसा (चनपटिया) के तत्कालीन चिकित्सा प्रभारी पदाधिकारी डॉ० कमर प्रवेज द्वारा अपनी धर्मपत्नी-सह-एम्बुलेंस संचालक जहैदा खतुन के नाम पर उक्त स्वास्थ्य केन्द्र में एम्बुलेंस संचालन के लिये 8,64,335 रुपये की निकासी वर्ष 2012 से 2015 के बीच की गई है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त मामले की जाँच प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, चनपटिया ने करते हुये अपने पत्रांक 534, दिनांक 16 दिसम्बर, 2016 से उक्त स्वास्थ्य केन्द्र में बगैर वाहन चलाये राशि निकासी की संपुष्टि करते हुये खण्ड (1) में वर्णित चिकित्सक, प्रभारी पदाधिकारी एवं वाहन संचालक के विरुद्ध कार्रवाई करने हेतु अनुशंसा की है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार खण्ड (1) में वर्णित दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

----------

सहायता राशि देना

*2529. श्री सिद्धार्थ--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि विक्रम विधान-सभा क्षेत्रान्तर्गत नौबतपुर प्रखण्ड में वर्ष 2013 से परिवार नियोजन, प्रसव एवं जननी सुरक्षा आदि योजनाओं के लाभार्थियों को सरकार द्वारा सहायता राशि का भुगतान नहीं किया गया है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त प्रखण्ड के लाभार्थियों को वर्णित योजनाओं की सहायता राशि भुगतान करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----------

विद्युत् सब-स्टेशन का निर्माण

*2530. श्री (डॉ०) विनोद प्रसाद यादव--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गया जिलान्तर्गत डोभी प्रखण्ड में एक ही विद्युत् सब-स्टेशन कार्यरत है, जिससे डोभी प्रखण्ड के दक्षिण छोर में पाँच पंचायतों यथा कुरमामां, खरांटी, नदरपुर, पट्टी एवं घोड़ाघाट में विद्युत् आपूर्ति में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त पंचायतों में सुचारू रूप से विद्युत् आपूर्ति हेतु पट्टी पंचायत में एक अतिरिक्त विद्युत् सब-स्टेशन निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

विद्युत् आपूर्ति करना

*2531. श्री आबिदुर रहमान--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सरकार का हर घर में विद्युत् आपूर्ति की योजना है;

(2) क्या यह बात सही है कि अररिया जिला अन्तर्गत नगर परिषद् क्षेत्र के वार्ड नं0 11 के डमहैली गाँव, वार्ड नं0 5 के हरियांबाड़ा, हृदयपुर, बुआरी बांध वार्ड नं 29 के मिर्जाभाग, बैरियर के लोग विद्युत् आपूर्ति से वंचित हैं;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त वार्डों में विद्युत् आपूर्ति सुनिश्चित करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------------

विद्युत् तार बदलना

*2532. श्री (मो0) नवाज आलम--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिला अन्तर्गत आरा शहर के मॉडल स्कूल से सब्जी मण्डी होते हुये गोपाली चौक तक बिजली का तार जर्जर है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त स्थानों के जर्जर विद्युत् तार बदलने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

भवन का निर्माण कराना

*2533. श्री नरेन्द्र नारायण यादव--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधेपुरा जिला के आलमनगर प्रखण्ड के ग्राम पंचायत, गंगापुर के सोनामुखी बाजार में वर्ष 2007 में राज्य सरकार द्वारा एक अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र की स्वीकृति प्रदान की गयी थी तथा उक्त स्वास्थ्य केन्द्र के भवन निर्माण हेतु जमीन उपलब्ध है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त स्थान पर अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के भवन का निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------------

भवन का निर्माण कराना

*2534. श्रीमती संगीता देवी--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत रून्नीसैदपुर प्रखण्ड के महिन्दवारा पंचायत के स्वास्थ्य उप-केन्द्र का भवन पूरी तरह क्षतिग्रस्त है जिसके कारण चिकित्सकों एवं मरीजों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त स्वास्थ्य उप-केन्द्र का भवन का निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------------

विद्युत् आपूर्ति करना

*2535. श्री सरफराज आलम--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य के सभी जिलों में 18 घंटा विद्युत् आपूर्ति करने का संकल्प सरकार द्वारा लिया गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि अररिया जिला के जोकी हाट प्रखण्ड में 4 घंटा ही विद्युत् आपूर्ति की जाती है जिससे उक्त प्रखण्ड के किसानों एवं आमजनों को काफी असुविधाओं का सामना करना पड़ता है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार जोकी हाट प्रखण्ड में 18 घंटा विद्युत् आपूर्ति करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

पर्यटक स्थल के रूप में विकसित करना

*2536. श्री राम विलाश पासवान--क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिला के कहलगाँव प्रखण्ड अन्तर्गत प्राचीन विक्रमशीला विश्वविद्यालय एवं उत्तर वाहिनी गंगा तट पर धार्मिक स्थल बाबा बटेश्वर स्थान अवस्थित है, जहाँ काफी संख्या में देश-विदेश के सैलानी (पर्यटक) प्रत्येक वर्ष आते हैं, यदि हाँ, तो सरकार उक्त प्रखण्ड के प्राचीन विक्रमशीला विश्वविद्यालय को बौद्ध सर्किट एवं बाबा बटेश्वर स्थान को पर्यटक केन्द्र के रूप में विकसित करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------------

स्वास्थ्य केन्द्र खोलना

*2537. श्री सरोज यादव--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिला के विधान-सभा क्षेत्र बड़हरा अन्तर्गत सेमरा एवं कोल्हरामपुर में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र नहीं है, यदि हाँ, तो सरकार सेमरा एवं कोल्हरामपुर प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र खोलने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------------

विकसित करना

*2538. श्री सीताराम यादव--क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत बासोपट्टी प्रखण्ड स्थित विराटपुर गाँव में अति प्राचीन राजा विराट का गढ़ है, जो कि विकसित नहीं रहने से आनेवाले लाखों पर्यटकों को काफी कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त वर्णित राजा विराट के गढ़ को विकसित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

राशि का भुगतान करना

*2539. श्री नीरज कुमार--क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि कटिहार जिलान्तर्गत अंचलाधिकारी, बरारी के ज्ञापांक 82, दिनांक 25 जनवरी, 2014 एवं 83, दिनांक 25 जनवरी, 2014 द्वारा श्री शिव प्रकाश गुप्ता को बाढ़ प्रभावित बकिया, सुखाय पंचायत में खाद्यान्न पहुँचाने का आदेश दिया गया था;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त आदेश के आलोक में श्री शिव प्रकाश गुप्ता द्वारा 744 क्विंटल चावल एवं 200 क्विंटल चावल उक्त पंचायत में पहुँचाया गया परंतु श्री गुप्ता को खाद्यान्न पहुँचाने का भुगतान अभीतक नहीं किया गया है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार श्री शिव प्रकाश गुप्ता को उक्त खाद्यान्न के पहुँचाने के एवज में बकाया राशि का भुगतान कराना चाहती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

ट्रॉमा सेन्टर खोलना

*2540. श्रीमती सावित्री देवी--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि जमुई जिलान्तर्गत चकाई विधान-सभा क्षेत्र में ट्रॉमा सेन्टर नहीं रहने के कारण गंभीर रूप से दुर्घटनाग्रस्त हुये लोगों को तत्काल उनके उपचार हेतु जमुई या देवघर ले जाना पड़ता है, यदि हाँ, तो क्या सरकार चकाई प्रखण्ड मुख्यालय में ट्रामा सेन्टर खोलने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

कार्रवाई करना

*2541. श्री प्रमोद कुमार--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि टाटा स्मारक अस्पताल, परेल, मुम्बई के नाम 5,15000.00 रु० भारतीय स्टेट बैंक का चेक सं० 836244, दिनांक 9 जनवरी, 2017 को निदेशक प्रमुख एवं अपर निदेशक, स्वास्थ्य सेवाएँ, बिहार, पटना के संयुक्त हस्ताक्षर से एकाउन्ट पेयी चेक वशी अहमद एवं अन्य कैंसर रोगियों के इलाज हेतु निर्गत किया गया था परन्तु चेक को उक्त अस्पताल प्रशासन के द्वारा जब बैंक में जमा किया गया तो उक्त एकाउन्ट में रुपया नहीं था जिससे उक्त राशि का भुगतान नहीं हो सका, यदि हाँ, तो क्या सरकार चेक निर्गत करनेवाले दोषी पदाधिकारी को चिन्हित कर कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----------

विद्युतीकरण करना

*2542. श्री अब्दुस सुबहान--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिलान्तर्गत बाइसी प्रखण्ड के तारावाड़ी एवं सुगवा, महानन्दपुर पंचायतों में अभीतक राजीव गाँधी ग्राम उदय योजना अन्तर्गत विद्युतीकरण का कार्य प्रारम्भ नहीं किया गया है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त दोनों पंचायतों में विद्युतीकरण का कार्य कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----------

डिग्री देना

*2543. श्री भाई वीरेन्द--हिन्दी दैनिक समाचार-पत्र में दिनांक 1 मार्च, 2017 में प्रकाशित शीर्षक ''एम०आर०आई० नहीं लगने से एम०एस० की डिग्री पर संकट'' को ध्यान में रखते हुये क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि एम०सी०आई० की शर्तो के अनुरूप राज्यस्तरीय नालन्दा मेडिकल कॉलेज में विगत दो वर्ष पूर्व एम०आर०आई० एवं सी०टी० स्कैन मशीन लगाने संबंधी पूर्ण की गई प्रक्रियाओं के बावजूद आजतक उक्त मशीनें नहीं स्थापित किये जाने से पी०जी० की पढ़ाई पूरा करनेवाले छात्रों एवं पढ़ाई कर रहे छात्रों को डॉक्टर ऑफ मेडिसिन (एम०डी०) एवं मास्टर ऑफ सर्जन (एम०एस०) की डिग्री से वंचित रह जाने के चलते छात्रों के उज्जवल भविष्य अधर में है, यदि हाँ, तो छात्रों को उक्त डिग्री उपलब्ध कराने की सरकार की कार्य योजना क्या है ?

भवन का निर्माण

*2544. श्री विनय बिहारी--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पश्चिम चम्पारण जिला के लौरिया प्रखण्ड अन्तर्गत लौरिया रेफरल अस्ताल भवन को खण्डहर घोषित कर दिया गया है, जिससे मरीजों को काफी कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त अस्पताल के भवन को बनाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

चहारदीवारी का निर्माण

*2545. श्री राज कुमार राय--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत लबनियां प्रखण्ड के पद्मा गाँव में प्राथमिक उप-स्वास्थ्य उप-केन्द्र अवस्थित है, जिसके जमीन को असामाजिक तत्व द्वारा अतिक्रमण कर लिया गया है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त उप-स्वास्थ्य केन्द्र की जमीन को अतिक्रमण मुक्त कराते हुये चहादीवारी निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

पदस्थापन करना

*2546. श्री अमित कुमार--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला अन्तर्गत प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द, बैरगनिया एवं सुप्पी में महिला चिकित्सक पदस्थापित नहीं हैं, जिससे महिला मरीजों के प्रसव एवं अन्य महिला रोगों के निदान में परेशानी होती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त स्थानों के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में महिला चिकित्सक का पदस्थापन करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

प्रतिनियुक्ति करना

*2547. श्री विजय कुमार मंडल--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अररिया जिलान्तर्गत कुर्साकांटा प्रखण्ड के प्राथमिक स्वस्थ्य केन्द्र में एम०बी०बी०एस० चिकित्सक का पद रिक्त है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त स्वास्थ्य केन्द्रों में एम०बी०बी०एस० चिकित्सक की प्रतिनियुक्ति करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

पदस्थापना करना

*2548. श्री नारायण प्रसाद--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि स्वास्थ्य विभाग में वरीयता के आधार पर जिले में सिविल सर्जन, एम०सी०एम०ओ० एवं कार्यक्रम पदाधिकारी के पद पर पदस्थापन का प्रावधान है;

(2) क्या यह बात सही है कि विभाग द्वारा पटना जिला में जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी के पद पर बगैर वरीयता के ही डॉ० एस०पी० विनायक का पदस्थापन संयुक्त सचिव, स्वास्थ्य विभाग के ज्ञापांक 636(3), दिनांक 15 नवम्बर, 2016 द्वारा कर दिया गया है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार खण्ड(2) में वर्णित विभागीय आदेश को रद्द करते हुये वरीयता के आधार पर पदस्थापन करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

पटना:
दिनांक 24 मार्च, 2017 (ई०) ।

राम श्रेष्ठ राय,
सचिव,
बिहार विधान-सभा ।

बि०स०मु० (एल० ए०), 147-डी०टी०पी०--500